लोक सभा अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश के झबुआ जिले में एक दुर्घटना में कई लोगों के हताहत होने पर दुःख व्यक्त किया

नई दिल्ली, 12 सितम्बर, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश के झबुआ जिले में पेटलावद में हुई दुर्घटना में कई लोगों के हताहत होने पर गहरा दुःख व्यक्त किया है ।

अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा: "मुझे मध्य प्रदेश के झबुआ जिले में पेटलावद में हुई दुर्घटना में कई लोगों के हताहत होने के बारे में जान कर बहुत दुःख हुआ है। मैं उन परिवारों के प्रति हार्दिक सम्वेदना व्यक्त करती हूँ जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोया है। मैं उन लोगों के प्रति भी सहानुभूति व्यक्त करती हूँ जो घायल हुए हैं और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हूँ। इस सङ्कट की घडी में मैं प्रभावित परिवारों के साथ हूँ।